# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 जापान में तूफान ने मचाई तबाही



6 एकजुटता की तलाश में इंडिया गठबंधन




7 रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं : एसबीआई



8 योगासन की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

# दिल्ली की होटल में आग से 20 की मौत

## कई लोगों ने खिड़कियों से छलांग लगाकर बचाई जान



**27** लोगों को दमकल, पुलिस और स्थानीयों ने बचाया

**02** लाख मृतकों के परिजनों को, घायलों को 50 हजार रुपए



**नई दिल्ली, 3 जून. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में होटल फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में बुधवार सुबह लगी भीषण आग में 20 लोगों की मौत हो गई. दमकल और पुलिस के साथ स्थानीय लोगों की मदद से 27 लोगों को सुरक्षित बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया. हादसे ने सुरक्षा मानकों और इमारत अनियमितताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि बचाव अभियान प्राथमिकता है और यदि जांच में कोई लापरवाही या बिना लाइसेंस संचालन पाया गया, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, होटल को छह कमरों के लिए अनुमति मिली थी, लेकिन वहां 25 कमरे थे, जिससे नियामकीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं. अधिकारियों ने बताया कि इमारत का बेसमेंट बाहर से बंद था. बचाव दल ने ताला तोड़कर लोगों को बाहर निकाला. कई लोगों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों से छलांग लगाई. दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह नौ बजे आग की सूचना मिली. शुरुआती सात दमकल गाड़ियां भेजी गईं और बाद में 10 और गाड़ियां भेजकर राहत एवं बचाव कार्य तेज किया गया. दमकल विभाग ने सुबह तक बेसमेंट से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. इसके बाद सुबह 11-20 बजे तक 25 अन्य लोगों को बचाया गया और दो और लोगों को दोपहर तक निकाला गया. स्थानीय पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने राहत कार्य में सहयोग किया. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि जांच के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. शुरुआती जांच और सूत्रों के अनुसार, होटल में क्षमता से अधिक मेहमानों को ठहराया गया था और आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ. इस घटना से कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो - दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे.

**5 प्रमुख बातें...**

1. मालवीय नगर होटल आग में 20 लोगों की मौत.
2. 27 लोगों को दमकल, पुलिस और स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचाया.
3. इमारत के बेसमेंट तालेबंद, कई लोगों ने खिड़कियों से छलांग लगाई.
4. होटल को छह कमरे की अनुमति थी, वहां 25 कमरे थे.
5. जांच के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन.

## एमपी में एनएच-347बी के उन्नयन व चौड़ीकरण को मंजूरी



**नई दिल्ली, 03 जून. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-347बी के हिवरखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड के उन्नयन तथा देशगांव-जुलवानिया खंड के चौड़ीकरण को मंजूरी दे दी है.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया. परियोजना को हाइब्रिड एन्यूटी मोड (एचएएम) के तहत क्रियान्वित किया जाएगा. बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि लगभग 3,399 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से बैतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी जिलों में सड़क संपर्क बेहतर होगा तथा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों और यातायात को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत हिवरखेड़ी-रोशनी तथा आशापुर-रुधी खंड को सर्विस लेन के साथ दो लेन को विकसित किया जाएगा, जबकि देशगांव-जुलवानिया खंड का चार लेन में चौड़ीकरण किया जाएगा. इसके अलावा खरगोन जिले में लगभग 16 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड बाईपास भी बनाया जाएगा.

**कैबिनेट ने एयरलाइंस को दी 10,000 करोड़ की राहत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लिया गया यह निर्णय एटीएफ (विमानन ईंधन) की कीमतों में स्थिरता लाने के लिए 10,000 करोड़ की एकमुश्त सहायता प्रदान करेगा. यह राशि तेल विपणन कंपनियों को ब्याज-मुक्त अग्रिम के रूप में दी जाएगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव का बोझ एयरलाइंस पर न पड़े.

### एक नजर में

**कुवैत हवाई अड्डे पर हमले में एक भारतीय की मौत**

नई दिल्ली. भारत ने कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले की कड़ी निंदा की है जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत इसकी कड़ी निंदा करता है और सभी पक्षों से एक बार फिर अपील करता है कि आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम आज कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है और हमारे कई नागरिक घायल हुए हैं. पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से, हमने जोर देकर कहा है कि आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए. हम एक बार फिर सभी पक्षों से अपील करते हैं कि वे इस तरह के हमले बंद करें. प्रवक्ता ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और वहां स्थित दूतावास घायलों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है.

### गुस्ताखी माफ




## नेपाल के रिश्तों को नई ऊंचाई देंगे

### पीएम ने रवि से मुलाकात में साझेदारी मजबूत करने की जताई इच्छा



**नई दिल्ली 03 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नये नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है.**

नेपाल की सत्तारूढ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां श्री मोदी से मुलाकात की. बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी. प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई. एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ. नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल हमारी पड़ोसी पहले नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है.

## कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री बने डीके शिवकुमार



भव्य समारोह में 13 मंत्रियों ने भी ली शपथ

**बेंगलुरु, 03 जून. कर्नाटक में डीके शिवकुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली और औपचारिक रूप से राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली नयी सरकार की कमान संभाली. श्री शिवकुमार कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री हैं. उन्होंने यहां स्थित लोक भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली. इसी के साथ ही श्री शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले आठवें मुख्यमंत्री भी बन गये हैं.**

उनके साथ 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिससे कैबिनेट गठन का पहला चरण पूरा हो गया. इस कार्यक्रम के साथ ही नयी मंत्रिपरिषद को कार्यकारी जिम्मेदारियों का औपचारिक हस्तांतरण हो गया. इस समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक के पार्टी प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया मौजूद थे.

## यूएस की 'जबरन श्रम' लिस्ट में भारत, 12.5% अतिरिक्त टैरिफ का खतरा

**नई दिल्ली, 03 जून.** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीदें लगभग पूरी हो चुकी थीं, तभी अमेरिका ने भारतीय व्यापारियों के लिए बड़ा झटका दिया. अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को 60 देशों की 'जबरन श्रम' लिस्ट में शामिल किया है.इस सूची में भारत सहित चीन, रूस, जापान, ब्राजील, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, कनाडा, पाकिस्तान और सऊदी अरब जैसे देश शामिल हैं. अमेरिकी कानून 1974 की धारा 301 के तहत,यूएसटीआर ने प्रभावित देशों से आने वाले आयात पर 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है.

## केरल में अगले 24 घंटों में दस्तक देगा दक्षिण-पश्चिम मानसून

**नई दिल्ली, 03 जून.** केरल में अगले 24 घंटे में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दस्तक देने के आसार बने हुये हैं. मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी. मौसम विभाग ने मानसून की प्रगति और देश भर के मौसम को लेकर विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि इस समय दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु और बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं. इसके प्रभाव से अगले छह से सात दिनों के दौरान केरल में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक बारिश (सात से 20 सेंटीमीटर तक) होने का प्रबल अनुमान है. इसके अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है. विभाग ने आगाह किया है कि इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में गरत के साथ बिजली चमकने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं.






**बंगाल में खेला** स्पीकर ने ऋतब्रत के साथ दो तिहाई विधायक होने पर दी मंजूरी

## ऋतब्रत बनर्जी ने तोड़ दी ममता की टीएमसी



**कोलकाता, 03 जून. पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर राजनीतिक भूकंप आया है. टीएमसी से अलग हुए बागी विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्षी दल का नेता घोषित कर दिया. यह कदम ममता बनर्जी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. विधानसभा अध्यक्ष ने भी बागी गुट की मांग को मान्यता दे दी है.**

बागी विधायकों के इस गुट में 58 विधायक शामिल हैं, जिन्होंने पार्टी चुनाव चिह्न पर जीत हासिल की थी. ऋतब्रत बनर्जी ने बताया कि जावेद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उपनेता होंगे. उन्होंने साफ किया कि वे केवल ऐसी नीतियों का विरोध करेंगे जो उन्हें गलत लगती हैं, बेवजह विरोध नहीं करेंगे. ऋतब्रत ने ममता बनर्जी से अनुरोध किया है कि वह टीएमसी विधायक दल की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाएं. उनका कहना है कि संसदीय मानदंडों के अनुसार बागी गुट ही असली विपक्षी दल है. इससे पहले, बागी विधायकों ने अध्यक्ष से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपा और नए नेतृत्व ढांचे का प्रस्ताव रखा. इसके तहत ऋतब्रत बनर्जी विपक्षी दल के नेता, जावेद खान, संदीपन साहा और शिउली साहा उपनेता, तथा रघुनाथगंज के विधायक अखरुज्जमां मुख्य सचेतक बनाए गए.

**ममता के भतीजे अभिषेक पर ईडी का शिकंजा**

कोलकाता, 03 जून. पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर ईडी ने शिकंजा कस दिया है. बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम उनके कोलकाता स्थित कालीघाट आवास पर पहुंची. सूत्रों के अनुसार, इस दौरान अभिषेक घर पर नहीं थे. बताया गया है कि वह ममता बनर्जी के साथ एक बैठक में शामिल होने गए हुए थे.